**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 28.11.23**

**थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा जान से मारने की नीयत से हमला करने व रंगदारी माँगने वाले 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 20.11.2023 को थाना कौशांबी पर वादी रोहित बैसोया पुत्र कमल सिंह निवासी म0नं0-12 भोवापुर थाना कौशांबी जनपद गाजियाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा एकराय होकर धारदार हथियार से वादी को जान से मारने की नीयत से हमला कर गम्भीर रूप से घायल देने व वादी को बचाने आये दोस्त रबनूर के साथ भी मारपीट, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी देना व हफ्ता मांगने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। दिनांक 27.011.2023 को थाना कौशांबी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चेंकिग के दौरान वांछित अभियुक्तगण 1.गुलशन पुत्र प्रमोद कुमार निवासी अम्बेडकर कालोनी भोवापुर जनपद गाजियाबाद 2. संदीप पाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी म0नं0 658 भोवापुर कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुध्द आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पुछताछ का विवरण-**

अभियुक्त गुलशन से 2200/- रुपये व संदीप पाल से 1800/- रुपये बरामद हुए हैं। पूछताछ में दोनो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि जो रुपये हमारी जेब से बरामद हुए है, यह वही रुपये है जो हमने एंजल मॉल ब्लू कैफे क्लब में मारपीट के दौरान मैनेजर माधव से 48000/- हजार रुपये रंगदारी लिए थे व हमारे हिस्से मे जो रुपये आये थे उनमे से कुछ रुपये तो हमने शौक में खर्च कर दिये है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता: –**

1.गुलशन पुत्र प्रमोद कुमार निवासी अम्बेडकर कालोनी भोवापुर थाना कौशाम्बी गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष 2. संदीप पाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी मकान नम्बर 658 भोवापुर कौशाम्बी गा0बाद उम्र 24 वर्ष

**बरामदगी –**

अभियुक्त गुलशन से 2200/- रुपये व संदीप पाल से 1800/- रुपये बरामद

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**

- थाना कौशाम्बी पुलिस टीम

**थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद**

दिनांक 28.11.2023 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर सोहेल पुत्र इदरीस नि0 इनाम विहार थाना अंकुर विहार

गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद हुई । पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने यह स्कूटी लगभग एक सप्ताह पहले ही किनारी बाजार चांदनी चौक दिल्ली से चोरी की थी । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता –**

सोहेल पुत्र इदरीस नि0 इनाम विहार थाना अंकुर विहार गाजियाबाद ।

**बरामदगी का विवरण**

चोरी की एक स्कूटी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 03 किलो 290 ग्राम अवैध गांजा बरामद ।**

दिनांक 28.11.2023 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्त 1. समीर पुत्र अहसान निवासी म0न0 888 गली न0 12 न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 18 वर्ष 2. जाहिद पुत्र रफीक निवासी टोनी के मकान में किराये पर बीच रोड की मस्जिद के पास में न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 19 वर्ष 3. आफताव पुत्र लियाकत निवासी टोनी के मकान में किराये पर बीच रोड की मस्जिद के पास में न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 19 वर्ष को तिकोना पार्क बंगाली कालोनी के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से क्रमशः अभियुक्त समीर से 1 किलो 100 ग्राम, अभियुक्त जाहिद से 1 किलो 110 ग्राम व अभियुक्त आफताव से 1 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजिकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त**

1. समीर पुत्र अहसान निवासी म0न0 888 गली न0 12 न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 18 वर्ष

2. जाहिद पुत्र रफीक निवासी टोनी के मकान में किराये पर बीच रोड की मस्जिद के पास में न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 19 वर्ष
3. आफताव पुत्र लियाकत निवासी टोनी के मकान में किराये पर बीच रोड की मस्जिद के पास में न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 19 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**
थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा अवैध रुप से भारत में निवासित 01 बांग्लादेशी नागरिक को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट की छायाप्रति तथा दिल्ली प्रदेश का कूटरचित आधार कार्ड बरामद**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 28.11.23 को चेकिंग के दौरान अवैध रुप से भारत में निवासित 01 बांग्लादेशी नागरिक शहादत पुत्र अब्दुल हाकिम खान उम्र 33 वर्ष हाल निवासी ई-46 डी-35/431 जैन मन्दिर दिलशाद कालोनी झिलमिल शाहदरा दिल्ली जन्मस्थान पता उत्तर राजापुर, राजापुर बाजार सरनखोला बागेरहट बांग्लादेश को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट की छायाप्रति, दिल्ली प्रदेश मे निवास का कूचरचित आधार कार्ड तथा एक मोबाइल एंव एक स्कूटी बरामद हुयी। अभियुक्त के 02 अन्य साथी आरिफ पुत्र मुतालिक पता सीमापुरी की झुग्गी झोपड़ी दिल्ली तथा सुहैल उर्फ हुसैन पुत्र नामालूम नि0 सीमापुरी की झुग्गी झोपड़ी दिल्ली रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त व फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के ग्राम राजापुर थाना राहिन्दा जिला बागेरहट (खुन्ना प्रदेश) बाग्लादेश का रहने वाला है तथा काफी समय से दिल्ली में निवास कर रहा है। पकड़े ना जाये इस लिये उसने कूटरचित तरीके से दिल्ली में अपना आधार कार्ड बनवा लिया है यदि कोई उसकी आई डी चेक करता है तो फर्जी आधार कार्ड दिखाकर अपनी असली पहचान छुपाता है। अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी एंव नकबजनी जैसे अपराध कारित करता है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता–**

शहादत पुत्र अब्दुल हाकिम खान उम्र 33 वर्ष हाल निवासी ई-46 डी-35/431 जैन मन्दिर दिलशाद कालोनी झिलमिल शाहदरा दिल्ली, बांग्लादेशी पता- उत्तर राजापुर, राजापुर बाजार सरनखोला बागेरहट खुन्नाप्रदेश बांग्लादेश।

**बरामदगी का विवरण-**

1.बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी पास पोर्ट की छायाप्रति

2.दिल्ली प्रदेश का कूटरचित आधार कार्ड

3.एक मोबाईल

4.एक स्कूटी

**आपराधिक इतिहास-**

अभियुक्त के विरुद्ध गाजियाबाद में चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम।

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद

आज दिनांक 28.11.2023 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर फैसल पुत्र जमालुद्दीन निवासी हनुमान मूर्ति के पास चर्च कालौनी थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब-25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मोटर साइकिल करीब दो माह पूर्व एसडीएन अस्पताल, दिल्ली के बाहर से चोरी की थी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

फैसल पुत्र जमालुद्दीन नि0 हनुमान मूर्ति के पास चर्च कालोनी थाना ट्रोनिकासिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब-25 वर्ष,

**बरामदगी का विवरणः-**

चोरी की एक मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्रो,

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**

पुलिस टीम थाना ट्रोनिका सिटी,